| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Hari Bhoomi** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 12/10/2025 | **Page no** | 4 |
| **CCM** | 18.85 | | |

# Agriculture sector has achieved historic achievements under the leadership of Prime Minister Narendra Modi: Minister Gurjar

### कृषि विज्ञान केंद्र भूपानी में योजनाओं का केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने ऑनलाइन शुभारंभ देखा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां: मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कृषि मंत्रालय ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री धन-धान्य किसान योजना, दलहन मिशन तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के शुभारंभ कार्यक्रम के ऑनलाइन प्रसारण में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार कृषि विज्ञान केंद्र, गांव भूपानी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण के साथ हुई। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं एवं किसानों ने मुख्यातिथि केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का फूल-मालाओं से गर्मजोशीपूर्वक स्वागत किया।



केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक दर्शन का मूल मंत्र अन्योन्द्दय है। प्रधानमंत्री के हर निर्णय के केंद्र में वंचित, गरीब, मजदूर और अन्नदाता किसान रहते हैं। अन्नदाता सुखी भव: उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे किसान अथक परिश्रम से देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करते हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसानों को सम्मानए समृद्धि और नई ताकत प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है। लाखों छोटे किसानों को वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें बाजारों तक पहुंच आसान हुई है, खेती की लागत घटी है और उनकी आय में वृद्धि हुई है। आज देश अपने अन्नदाताओं पर गर्व करता है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24000 करोड़ रुपए की बजट राशि से प्रधानमंत्री धन.धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया है। यह योजना 100 आकांक्षी कृषि जिलों के समग्र विकास के लिए छह वर्षों (2025.26 से 2030.31) तक लागू रहेगी। इसका उद्देश्य उन जिलों को सशक्त बनाना है जहां कृषि उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है, फसल योग्य भूमि सीमित है और ऋण वितरण औसत से कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना केवल किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने और आधुनिक कृषि पद्धतियों के विस्तार की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### कार्यक्रम में किसानों और गांव की महिलाओं ने भाग लिया

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र फरीदाबाद के डॉ. अशोक कुमार देशवाल, डॉ. वर्षा रानी, डॉ विनोद कुमार, डॉ. जग नारायण यादव, नंदकिशोर, रवि, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व पशु व डेयरिंग विभाग के डॉ. सत्येंद्र धनखड़ सहित विभिन्न अधिकारीगण, रविन्दर बांकुरा सरपंच बहादुरपुर, सूरजपाल भूरा, प्रधान सरपंच संगठन, सुभाष अरूआ, सूरज नंबरदार बहादुरपुर, अजय नंबरदार चिरसी, सुभाष अध्यक्ष, सतपाल नरवत, बलजीत सिंह, रणवीर सिंह खेड़ी कला सहित विभिन्न गांव चीरसी, मोहना, बहादुरपुर, अलीपुर, अरूआ, नाचोली, भोपानी गांव से किसानों और गांव की महिलाओं ने भाग लिया।

********

Downloaded from
SAMVAD